>

Title: Need to set up industries in Sagar Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री भूपेन्द्र सिंह (सागर): बुंदेलखंड देश के सर्वाधिक पिछड़े क्षेत्र में आता है। आजादी के 63 वर्षों के बाद भी बुंदेलखंड क्षेत्र में एक भी औद्योगिक कारखाना नहीं लग पाया है। बुदेलखंड का सम्भागीय मुख्यालय सागर मेरे लोक सभा क्षेत्र सागर में स्थित है तथा यहां प्रचुर मात्रा में खनिज संपदा, वन संपदा एवं कृषि उत्पाद प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। शासकीय भूमि भी राज्य सरकार उपलब्ध कराने के लिए तैयार है।

अतः भारत सरकार के उद्योग मंत्री से आग्रह है कि सागर लोकसभा क्षेत्र में कारखाने लगाने हेतु प्रयास करें।